CON 737

# एतदर्थ मंडल (हिंदी भाषा परीक्षा), महाराष्ट्र शासन

भाषा संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य, प्रशासकीय भवन, ५ वी मंजिल,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर उद्यान के निकट, सरकारी कालोनी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई ४०० ०५१.

**उच्चश्रेणी परीक्षा**

**पहला प्रश्नपत्र — पाठ्य-पुस्तक तथा कार्यरूप व्याकरण**

रविवार, दिनांक १३ दिसम्बर २०२०

[**समय** : सुबह १०-३० बजे से दोपहर १-१५ बजे तक]

[मौखिक परीक्षा की अवधि मिलाकर]

(**कुल अंक** — १००)

**सूचनाएँ.**—(१) सभी प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** भाषा तथा **देवनागरी** लिपि में लिखिए।

(२) शुद्ध भाषा तथा सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

(३) नया प्रश्न स्वतंत्र पृष्ठपर लिखिए।

---

अंक

**प्रश्न १. निम्नलिखित गद्य अवतरणो में से किन्ही दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :—** १५

(अ) "हाँ पुत्तर घरवाली को मरे चार साल हो गए है ... बस बेटी है, तुम्हारी उम्र की होगी, वो चक्कर लगा देती है हफ्ते-पंद्रह दिन में। बेटी का मन नहीं मानता। बेचारी वह भी अकेली कमानेवाली है। उसके आदमी कें पास भी काम नहीं है।"

(ब) "बाबूजी भिखारी नहीं हूँ। मेहनत करके खाना चाहता हूँ । बिना पॉलिश किए रूपये क्यों लूँ ?

(क) "मै न पढ़ी, न लिखी, बेटा, मैं क्या बात करूँगी। तुम कह देना, माँ अनपढ़ है, कुछ जानती-समझती नहीं। वह नहीं पुछेगा।"

(ड) "ए मंगलू काका, तनी हमारी अम्मा को निकाल देव। उनके उपर छप्पर गिर पड़ा है।"

**प्रश्न २. निम्नलिखित पद्य पंक्तियों में से किन्ही दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :—** १५

(अ) ऊधौ मोहिं ब्रज विसरत नाहीं।
वृंदावन गोकुल वन उपवन, सघन कुँज की छाही।।
प्रात समय माता जसुमति, अरू नंद देखि सुख पावत।
माखन-रोटी दह्यौ सजायौ, अति हित साथ खवावत।।
गोपी, ग्वाल, वाल संग खेलत् सब दिन हँसत सिरात।
सूरदास धनि-धनि ब्रजवासी, जिनसौं हितु जदू-तात।।

(ब) अलसता की-सी लता
किंतु कोमलता की वह कली
सखी नीरवता के कंधे पर डाले बाँह
छाँह-सी अंबर पथ से चली।

[पलटकर देखिए

अंक

(क) जाऊ-जाऊ भैया रे बटोही हिंद देखि आऊ
जहाँ ऋषि चारों बेद गावे रे बटोहिया
सीता के विमल जस, राम जस, कृपण जस
मोरे बाप-दादा के कहानी रे बटोहिया।

(ड) लक्ष्मीबाई का घोड़ा था ठिठका, जहाँ नदी के तट पर,
जहाँ शिवाजी कैद हुए थे उस कारागृह की चौखट पर।
वीर भगत सिंह की समाधि पर, अशफाक-ओ-आजाद के घर-घर,
कुँअर सिंह ने गलित बाँह वह काटी थी जिस गंगा तट पर।

**प्रश्न ३. निम्नलिखित प्रश्नो में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर आठ-दस पंक्तियों में लिखिए :—** १५

(अ) 'डिनर' इस पाठ के माध्यम से कामकाजी महिलाओ के जीवन पर प्रकाश डालिए।

(ब) 'आत्मिय रिश्ते' इस संस्मरण में लेखक के घरवालो ने अपरिचितो से किसप्रकार आत्मियता प्रकट कि है ?

(क) 'चिफ की दावत' इस पाठ में बुजुर्गों को लेकर हीन दृष्टिकोन रखने वालो पर लेखक ने किसप्रकार प्रहार किया है ?

(ड) "ज्ञान की अभिवृद्धि के लिए देश-विदेश में घूमना आवश्यक हैं।" यह घुमक्कड पाठ के आधारपर स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न ४. निम्नलिखित प्रश्नो में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर आठ-दस पंक्तियों में लिखिए :—** १५

(अ) 'उड़ चल हारिल' इस कविता में अज्ञेयजी ने हारिल पक्षी के माध्यम से देश के नवयुवको को आगे बढ़ने कि किसप्रकार से प्रेरणा दि है ?

(ब) श्रीकृष्ण की अनुपस्थिती में माता यशोदा और गोपियों के मनोदशा का किसप्रकार से वर्णन किया है ?

(क) 'संध्या सुंदरी' इस कविता में कवि ने सायंकाल का वर्णन किसप्रकार से किया है ?

(ड) 'चलो आज हम दिप जलाएँ' इस कविता में कवि ने किन बलिदानियों कि आरती उतारने कहाँ है ?

**प्रश्न ५. निम्नलिखित प्रश्नो में से किन्ही एक प्रश्न का उत्तर विस्तार से लिखिए :—** १०

(अ) एक पुत्र की अपनी माँ के प्रति समर्पण की भावना 'मानस का हंस' इस पाठ के अनुसार स्पष्ट कीजिए।

(ब) 'दुख' इस प्रस्तुत कहानी में लेखक ने दुसरों के दुख के प्रति संवेदना व्यक्त हुए किस प्रकार से हमदर्दी दिखाई है ?

(क) लेखक के अनुसार टॉल्स्टॉयजी के जीवन परिचय का विवरण किस प्रकार किया है ?

अंक

प्रश्न ६. निम्नलिखित मुहावरों में से किन्ही पाँच के अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए :— १०

(अ) झेंप जाना

(ब) पसीना-पसीना होना

(क) संकट से दो हाथ करना

(ड) पत्थर की लकीर होना

(इ) दंग रह जाना

(फ) दिल धडकना

(ग) मुँह खिलना

(ह) ताव आना

(य) उड़ जाना

(र) कर्तव्यविमुढ़ हो जाना।

प्रश्न ७. निम्नलिखित शब्द समुह में से किसी एक का भाव स्पष्ट कीजिए :— ५

(अ) बालक कंधे पर झोली लटकाएँ आँधी पानी में बढा चला जा रहा है। भागने का प्रयत्न करे तो फिसलने का भय लगता है और धिरे चले तो आँधी पानी के तेज झोंके उसे डगमगा देते है।

(ब) मेरे लिए यह कहना कठिन है कि मेरी कौन सी रचना सर्वोत्तम है। जिस तरह किसी माँ के लिए उसके बच्चे समान रूप से प्रिय होते है, उसी प्रकार मुझे अपनी सभी कृतियाँ एक सी प्रिय है।

(क) हाथ आँखो पर रख बच्चा मुँह फैलाकर रोना ही चाहता था कि माँ ने उसे गोद में खींच लिया और कहा "मेरा राजा बेटा, सुबह जरूर दाल खिलाऊँगी देख, बाबू तेरे लिए रूपया दे गए। शाबास।"

प्रश्न ८. (अ) निम्नलिखित शब्दों मे से किन्ही तीन सामासिक शब्दों का विग्रह करके उन समासो के प्रकार लिखिए :— ३

| | | |
|---|---|---|
| (१) छात्रावास | (२) जन्मदिन | (३) परमधाम |
| (४) भवसागर | (५) निलकंठ | (६) जलधारा |

(ब) निम्नलिखित शब्दों मे से किन्ही तीन शब्दों का संधिविच्छेद लिखिए :— ३

| | | |
|---|---|---|
| (१) अंतकरण | (२) अत्याधिक | (३) निर्गुण |
| (४) विद्यालय | (५) हिमालय | (६) पुस्तकालय |

प्रश्न ९. कोष्टक में दी गई सूचना के अनुसार किन्ही तीन के उत्तर लिखिए :— ३

(अ) साहब हम नौकरी पेशा लोग तो है नहीं।
(उचित विरामचिन्हों का प्रयोग कीजिए।)

(ब) लक्ष्मी उसकी ओर देखती है।
(अपूर्ण भूतकाल में बदलिए।)

(क) लेखक ने अभिनेता की घमंड तोड़ी।
(वाक्य शुद्ध करके फिरसे लिखिए।)

[ पलटकर देखिए

अंक

(ड) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो शब्दों में प्रत्यय जोडकर 'शब्द बनाइए :—

(१) परंपरा (२) भूगोल (३) अर्थ।

(इ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही दो शब्दों में प्रयुक्त उपसर्ग अलग करके लिखिए :—

(१) आजन्म (२) सम्मान (३) निसंकोच।

**प्रश्न १०.(अ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्ही तीन वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिए :—** ३

(१) उषा जाग उठी ...................... में कैसी बाह भरोसा किनका।

(२) गई है पिकी प्रतीक्षारत पुनः ...................... शाखाएँ।

(३) मैं तो ...................... हूँ, किसी फुल में बस जाऊँगा।

(४) मेघमय आसमान में उतर रही है वह संध्यासुंदरी ......................।

**(ब) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे है :—** ३

**(किन्ही तीन प्रश्न के उत्तर अपेक्षित हैं)**

(१) "आपने अपने किसी भाई को बुलवाया नहीं ?"

(२) "और माँ आज जल्दी सो नहीं जाना। तुम्हारे खर्राटो की आवाज दूर तक जाती हैं।"

(३) "अम्मा, वैसी सरक जाओ तो भीजोगी नहीं।"

(४) "आपने किस अवस्था से लिखना शुरू किया ?

(५) दूध ऑटा दिया हैं। शर्करा मिला लो और पिलो।

CON 738

# एतदर्थ मंडल (हिंदी भाषा परीक्षा), महाराष्ट्र शासन

भाषा संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य, प्रशासकीय भवन, ५ वी मंजिल,
डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर उद्यान के निकट, सरकारी कालोनी, बांद्रा (पूर्व), मुंबई ४०० ०५१.

**उच्चश्रेणी परीक्षा**

**दूसरा प्रश्नपत्र : निबंध लेखन, पत्र-लेखन, सार लेखन, अनुवाद इ.**

रविवार, दिनांक १३ दिसम्बर २०२०

[**समय** : दोपहर २-०० बजे से ४-३० बजे तक]

(**कुल अंक** — १००)

**सूचनाएँ.**—(१) प्रश्न क्रमांक दूसरा (अ) को छोड़कर सभी प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** भाषा तथा **देवनागरी** लिपि में लिखे।

(२) शुद्ध भाषा तथा सुवाच्य लेखन अपेक्षित है।

(३) नया प्रश्न स्वतंत्र पृष्ठ पर लिखिए।

---

अंक

**प्रश्न १. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग ३०० शब्दों का निबंध लिखिए :—** २०

(अ) रेल की आत्मकथा।

(ब) मेरा प्रिय लेखक / कवि।

(क) बीता हुआ समय कभी नहीं लौटता।

(ड) वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या।

(इ) अतिथी देवो भव : ।

**अथवा**

**निम्नलिखित रूपरेखा के आधारपर १५ से २० पंक्तियों में एक कहानी लिखिए तथा कहानी से प्राप्त सीख बतलाते हुए कहानी को उचित शीर्षक दीजिए :—**

घना जंगल ........... विशाल और घने वृक्षों पर पंछियों का बसेरा ........... रोज पंछियों का बच्चो के लिए दाना चुगने उड़ जाना ........... हर बार जाते समय बच्चों को समझाना ........... फँसना नहीं, बहेलिया आएगा जाल बिछाएगा बच्चों द्वारा इसे केवल रटना ........... रटते-रटते एक दिन नीचे उतरना ........... दाने देखकर खुश होना ........... माँ की सीख याद न आना ........... चौकन्ना होना ........... सावधान होकर उड़ जाना ........... बहेलिए का पछताना ........... शीर्षक ।

**प्रश्न २. (अ) निम्नलिखित हिंदी अवतरण का मराठी या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :—** १५

हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है। यह हमारी अस्मिता की पहचान है। हिंदी हमारे विचारों के आदान-प्रदान का सरल माध्यम है । हम यह झूठा वहम पाले हुऐ है कि बिना अंग्रेजी सीखे हम हीन समझे जाएंगे । सभी देश अपनी भाषा का प्रयोग कर गौरव का अनुभव करते है। अंग्रेजी को ज्ञान-विज्ञान का वातायन कहना भी निरी मूर्खता है। रूस, जापान, चीन, फ्रान्स आदि देश अपनी-अपनी भाषा का प्रयोग कर आगे बढे है । अंग्रेजी का प्रयोग करने वालो से वे कम नही है । अब हिंदी भाषा में प्रत्येक विषय पर अच्छी पुस्तके उपलब्ध है । अब तो बस पक्के इरादे की आवश्यकता है । हमे हिंदी के प्रयोग का भाव रखना चाहिए । इसीसे हमारी एकता मजबूत होगी और राष्ट्र का विकास होगा ।

[पलटकर देखिए

अंक

**(ब) निम्नलिखित मराठी या अंग्रेजी अवतरण का सरल हिंदी में अनुवाद कीजिए :—** १५

भारतात पावसाळी हंगाम जुलै महिन्यापासून सुरू होतो. आणि सप्टेंबरच्या अखेरीपर्यंत चालू राहतो. एक असह्य उष्णता नंतर प्रत्येकाच्या जीवनात नवीन आशा आणि मोठा आराम आणते. मनुष्यांसह वनस्पती झाडे, पक्षी, प्राणी या उत्सवाची फार उत्सुकतेने वाट पाहतात आणि पावसाळ्यात स्वागत करण्यासाठी तयार होतात. प्रत्येकजण खुश होतो. आकाशात कधी इंद्रधनुष्य तर कधी हलका निळा रंग पाहतो. संपूर्ण वातावरण अतिशय आकर्षक आणि सुंदर दृष्य प्रस्तुत करते. सर्व झाडे वनस्पती नवीन हिरव्या पानांमुळे झाकून येतात, नद्या, तलाव, खड्डे, पाण्याने भरले जातात. शेतकऱ्यांना चांगल्या पिकांच्या लागवडीत मदत करते या सर्व फायद्यासोबतच साथीच्या रोगांचा ही सामना करावा लागतो. काहीवेळा, त्वचेच्या आरोग्यासाठी खूपच गैरसोय होते. ह्यामुळे आमांश, विषमज्वर आणि इतर पाचक प्रणाती विकार होतात.

**अथवा**

Maharashtra is a state in the Western region of India. It is India's third most populous state and third-largest state by area, and includes the major cities of Mumbai, Pune, Nashik and Nagpur. The region that comprises the state has a long History dating back to the 4th century BCE, although the present day state was not established until 1960 CE. from the 4th Century BCE until 875, Maharashtri prakrit and its apabhromsas were the dominant languages of the region. The marathi language which evolved from Maharashtri prakrit, has been the common language from the 9th Century.

**प्रश्न ३. (अ) निम्नलिखित में से किसी एक पत्र का प्रारूप (नमुना) तैयार कीजिए :—** १५

सोहम शिंदे/सोनिया शिंदे, ५३, लक्ष्मी रोड, औरंगाबाद से लिपीक पद की नौकरी पाने के लिए संचालक लोकनिर्माण विभाग, औरंगाबाद को पत्र लिखता/लिखती है।

**अथवा**

नितीन/नियती सावंत, महामंत्री, न्यू आवास विकास समिति, अरूण विला, नाशिक से स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम, नाशिक को आवास में पेयजल की समस्या संबंधी पत्र लिखता/लिखती है।

**(ब) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही सात शब्दों के लिए अंग्रेजी पर्यायी शब्द लिखिए :—** ७

(१) अभिभावक (२) छात्रवृत्ति
(३) प्रबंधक (४) अनुरोध
(५) निविदा (६) स्विकृती
(७) अनुदान (८) अधिकार
(९) विक्रीकर (१०) प्रारुप।

अंक

(क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्ही आठ शब्दों के लिए हिंदी पर्यायी शब्द लिखिए :— ८

| | |
|---|---|
| (१) Account | (२) Bond |
| (३) Commission | (४) Credit |
| (५) Summary | (६) Destination |
| (७) Hostel | (८) Satellite |
| (९) Orbit | (१०) Region. |

प्रश्न ४. निम्नलिखित गद्यांश का एक-तिहाई सार लिखिए अथवा नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखकर सार को उचित शीर्षक दीजिए :— (२०)

हमारे देश को आजादी मिले पैंसठ वर्ष से भी अधिक हो गए है, फिर भी बेरोजगारी की समस्या ज्यो-की त्यो बनी हुई है। यह समस्या दिनोदिन और भयानक रूप धारण करती जा रही है।

हमारे देश के बेरोजगारों में शिक्षित व्यक्तियों की संख्या अशिक्षितों की अपेक्षा अधिक है। अशिक्षित तो मेहनत-मजदुरी द्वारा अपना जीवन-निर्वाह कर लेते है, किंतू शिक्षित व्यक्ति उचित नौकरी की तलाश मे इधर-उधर भटकते रहते है। बेरोजगारी के कारण ये लोग तस्करी, आदि गैरकानूनी कामों की ओर मुड़ जाते है।

हमारे देश में बेरोजगारी का प्रमुख कारण जनसंख्या की असीमित वृद्धि है। हमारे देश की जनसंख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। इतनी बडी जनसंख्या के लिए नौकरियों की व्यवस्था करना या रोजगार के अवसर जुटाना असंभव हो गया है।

बेरोजगारी का एक अन्य कारण हमारे देश की त्रुटिपूर्ण शिक्षा-पद्धति है। पाठ्यक्रम में रोजगारपरक की शिक्षा को स्थान तो जरूर दिया गया है, लेकिन उस पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता। इसलिए हमारे स्कूलों और कॉलेजो से लाखों की संख्या में ऐसे विद्यार्थी निकल रहे है, जो उद्योग अथवा व्यवसाय के क्षेत्र के लिए बिलकुल निरूपयोगी है।

**प्रश्न—**

(अ) हमारे देश के शिक्षित लोग गैरकानूनी कामों की ओर क्यो मुड़ जाते है ? ४

(ब) देश में रोजगार के अवसर जुटाना असंभव क्यो हो गया है ? ४

(क) आज के विद्यार्थी व्यवसाय के क्षेत्रों के लिए निरूपयोगी क्यो है ? ४

(ड) इस गद्यांश में अशिक्षितों के बारे में क्या कहाँ है ? ३

(इ) अपने देश के आजादी के साथ-साथ बेरोजगारी के बारे में क्या कहाँ है ? ३

(फ) इस गद्यांश को पढ़कर क्या संदेश मिलता है। २